

मैं भाषा के बारे में बात करने के योग्य नहीं

हिन्दी दैनिक

Log on : www.adbhutsamachar.com

# अद्भुत समाचार

हर ख़बर पर पैनी नज़र



भारत ने मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल अपने नाम किया

वर्ष –14 अंक– 176 | RNI-No. : UPHIN/2011/43806 | लखनऊ, गुरुवार, 29 मई 2025 | प्रातः कालीन संस्करण | (हिन्दी दैनिक) | पृष्ठ–8 | मूल्य 1 रुपया

## प्रधानमंत्री का सिक्किम दौरा रद्द, डिजिटल माध्यम से राज्य के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खराब मौसम के कारण सिक्किम की स्थापना के ५० साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के लिए बृहस्पतिवार को गंगटोक नहीं जा पाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सिक्किम के लोगों को संबोधित कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम के स्थापना दिवस के अवसर पर गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित यात्रा खराब मौसम के कारण रद्द हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम में, राज्य के रूप में सिक्किम के गठन के ५० साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री एक स्मारक सिक्का, एक स्मारिका और डाक



टिकट जारी करने वाले वाले थे। प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करने वाले थे, जिनमें नामची में ७५० करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाला ५०० बिस्तरों वाला जिला अस्पताल, ग्यालशिंग जिले के पेलिंग में सांगाचोलिंग में एक यात्री रोपवे और गंगटोक में अटल अमृत उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक प्रतिमा शामिल है।

## २४ घंटे में १० एनकाउंटर, अपराधियों पर हो रहा एक्शन तगड़ा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योदी आदित्यनाथ सरकार में कानून व्यवस्था किस तरह चौकस है। इस बात की तस्दीक हालिया घटनाक्रम से हो रहा है। उत्तर प्रदेश में पुलिस ने एक के बाद एक एनकाउंटर करके बदमाशों के हौसले पस्त कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा फुल स्पीड में चल रहा है। एक ही दिन में १० से ज्यादा जिलों में पुलिस ने एनकाउंटर करके कई हिस्ट्रीशीटर्स और अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन पुलिस एनकाउंटर से आदतन अपराधियों और अपराधियों में डर का माहौल है। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने ऑपरेशन लंगड़ा शुरू किया है, जिसका फोकस राज्य में अपराध



के प्रति जीरो टॉलरेंस पर है। यूपी पुलिस ने पिछले २४ घंटों में राज्य के ८ शहरों में १० एनकाउंटर किए। इन मुठभेड़ों में कई बड़े अपराधी पकड़े जा रहे हैं। ये सभी ऐसे अपराधी हैं, जिनकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी और ये मोस्ट वांटेड लिस्ट में थे। लखनऊ में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि गाजियाबाद में एक कांस्टेबल की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। शामली में एक अन्य मुठभेड़ में २५ हजार रुपये का इनामी बदमाश पकड़ा गया। झांसी में भी पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। बुलंदशहर, बागपत, आगरा, जालौन, बलिया और उन्नाव में भी पुलिस ने इन मुठभेड़ों के दौरान कई अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन लंगड़ा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान है। यह कदम राज्य में अपराध को नियंत्रित करने के लिए उठाया जा रहा है। अगर अपराधी भागने या जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश करते हैं, तो पुलिस अक्सर उनके पैरों में गोली मार देती है और उन्हें लकवा मार देती है, ताकि वे भविष्य में अपराध न कर सकें। इस रणनीति को अनौपचारिक रूप से 'ऑपरेशन लंगड़ा' कहा जाता है, क्योंकि इसका उद्देश्य अपराधियों को शारीरिक रूप से अक्षम बनाना है, ताकि उनमें पुलिस का डर बना रहे।

## आज से खुलेगा चिड़ियाघर और लायन सफारी

लखनऊ। लखनऊ प्राणि उद्यान (नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान) गुरुवार से फिर आम दर्शकों के लिए खोल दिया जाएगा। यह जानकारी चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा ने दी। गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में एक बाघिन की एच५ एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) से मौत के बाद राज्यभर के सभी चिड़ियाघरों को हाई अलर्ट पर रखा गया था। लखनऊ प्राणी उद्यान को भी १४ मई से बंद कर दिया गया था ताकि किसी भी तरह के संक्रमण से जानवरों और दर्शकों को बचाया जा सके। पहले २० मई तक बंदी की बात कही गई थी बाद में स्थिति की समीक्षा के बाद यह अवधि आगे बढ़ा दी गई थी। अब प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) के आदेश पर २६ मई से चिड़ियाघर को दोबारा खोलने की अनुमति दे दी गई है। लखनऊ प्राणी उद्यान शहर के बच्चों और परिवारों के बीच बेहद लोकप्रिय पिकनिक स्प ट है। गर्मियों की छुट्टियों के बीच इसका दोबारा खुलना दर्शकों के लिए एक बड़ी राहत है। प्रशासन ने बायोसेफ्टी और नियमित निगरानी की व्यवस्था की है। बर्ड फ्लू बीमारी फैलने की आशंका से लगभग दो सप्ताह पहले बंद किए उत्तर प्रदेश के चिड़ियाघर और लायन सफारी गुरुवार से खुल जाएंगे। प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी ने बताया कि लखनऊ का चिड़ियाघर और इटावा का लायन सफारी से आम जनता के लिए




पुनः खोला जा रहा है। हालांकि, गोरखपुर और कानपुर के चिड़ियाघर अग्रिम आदेशों तक बंद रहेंगे। वहीं, लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान भी गुरुवार से दर्शकों व पर्यटकों के लिए खुल रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक–वन्य जीव के आदेश पर यह फैसला लिया गया है। गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान और कानपुर प्राणि उद्यान में एवियन इंफ्लूएंजा– बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद सुरक्षा की नजर से लखनऊ चिड़ियाघर को २७ मई तक के लिए बंद कर दिया गया था। निदेशक अदिति शर्मा के मुताबिक, दो सप्ताह की बंदी के दौरान सभी वन्य जीवों की सघन म नीटरिंग की गई। लखनऊ चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं सामने आया।

## कोर्ट के आदेशों का अनुपालन न करने वाले बीएसए के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालय, फर्रुखाबाद में कार्यरत शिक्षिका को द्वितीय मातृत्व अवकाश देने के मामले में कोर्ट के आदेश के अनुपालन में शिक्षा निदेशक (बेसिक), लखनऊ प्रताप सिंह बघेल, बेसिक शिक्षा बोर्ड, प्रयागराज के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी, फर्रुखाबाद गौतम प्रसाद बुधवार को उपस्थित हुए। बीएसए, फर्रुखाबाद ने हलफनामे के माध्यम से कोर्ट को बताया कि याची के दूसरे मातृत्व अवकाश से संबंधित आदेश २७ मई २०२५ को अपलोड कर दिया गया है, उन्होंने कोर्ट द्वारा पारित आदेश की अवहेलना करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी और भविष्य में न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन करने का वचन दिया। इसके साथ ही शिक्षा निदेशक (बेसिक), लखनऊ ने स्वीकार किया कि कुछ बेसिक शिक्षा अधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन ना करते हुए आदेश पारित कर रहे हैं, जिससे कोर्ट के समक्ष याचिकाओं का बोझ बढ़ता जा रहा है। अधिकारी ने इस संबंध में शीघ्र उपचारात्मक कार्रवाई करने की बात बताई। शिक्षा निदेशक ने कोर्ट को बताया कि विभाग द्वारा समय–समय पर परिपत्र के माध्यम से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को यह निर्देश दिया जा रहा है कि वह आदेश पारित करते समय कोर्ट द्वारा पारित आदेशों, नियमों और कर्मचारियों द्वारा दिए गए प्रत्यावेदनों पर पूर्ण विचार करें। इसके अलावा समय–समय पर विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की अ नलाइन ट्रेनिंग एवं फिजिकल ट्रेनिंग भी कराई जा रही है। इसके साथ ही यह भी प्रयास किया जा रहा है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पारित आदेशों की एक प्रति निदेशक एवं अपर निदेशक स्तर के अधिकारियों को भी प्रेषित की जाए, जिससे बीएसए द्वारा पारित आदेशों के गुणवत्ता की समीक्षा की जा सके। अंत में शिक्षा निदेशक ने यह भी सुनिश्चित किया कि अगर किसी बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विभागीय निर्देशों का अनुपालन सही ढंग से नहीं किया जाएगा, तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उपरोक्त स्पष्टीकरण शिक्षा निदेशक द्वारा किरण देवी की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी के आदेश के अनुपालन में दिया गया। मालूम हो कि याची द्वारा दूसरे मातृत्व अवकाश के प्रत्यावेदन को संबंधित बीएसए ने 'अनुमन्य नहीं' लिखकर बिना किसी विशिष्ट कारण के अस्वीकार कर दिया था, जिसे कोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई थी।

## ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया 30 मई से प्रारंभ होगी

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक व प्रवक्ता (पुरुष/महिला) का वार्षिक स्थानांतरण नीति के अन्तर्गत अ नलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया ३० मई से प्रारंभ होगी। यह जानकारी देते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक ड . महेन्द्र देव ने बताया कि कार्यरत सहायक अध्यापक व प्रवक्ता को मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण के लिए ४ जून तक आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का आवेदन पत्र अ नलाइन ही सबमिट होगा, किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद स्थानांतरण आदेश मानव सम्पदा पोर्टल पर जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की सुविधा हेतु ई–मेल onlineteachertransfer2024@gmail-com तथा हेल्पलाइन नम्बर ६३६८६३६५५८ और ८३१७०५४६३२ पर कॉल या इसी नम्बर पर व्हाट्सएप (कार्यदिवस में समय १०:०० बजे से ५:०० बजे तक) उपलब्ध रहेगा, जिस पर वे अपनी समस्या के निराकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं।

## जैसलमेर में पकड़ा गया संदिग्ध सरकारी कर्मचारी, सुरक्षा एजेंसियों को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संदेह

नई दिल्ली। राजस्थान पुलिस के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संदेह में राजस्थान सरकार के एक कर्मचारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जैसलमेर में तैनात यह कर्मचारी अपने विभाग को सूचित किए बिना पाकिस्तान गया था। उसके राजस्थान क्षेत्र में कुछ राजनीतिक संबंध होने का भी संदेह है। कर्मचारी की पहचान और पाकिस्तान की उसकी यात्रा के विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका। सूत्रों ने बताया कि इस व्यक्ति से फिलहाल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां घ्घ्पूछताछ कर रही हैं। भारत और पड़ोसी देश के बीच हाल ही में हुए तनाव के बाद पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तारियों में वृद्धि के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। सूत्रों के अनुसार संदिग्ध की पहचान शकूर खान के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, वह बड़ौदा गांव के पास मंगलियों की ढाणी का रहने वाला है। शकूर खान दले खान का बेटा है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। संयुक्त पूछताछ केंद्र (जेआईसी) फिलहाल हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर रहा है। सभी जांच एजेंसियां घ्घ्संयुक्त पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ के बाद बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद शकूर खान अपने विभाग को बताए बिना पाकिस्तान चला गया।



जैसलमेर में हिरासत में लिए गए शकूर खान पर संदेह काफी बढ़ गया है, क्योंकि वह वही व्यक्ति है जिसके घर के पास श्अ परेशन सिंदूरश के दौरान मिसाइल गिरी थी और उसे अपने खेत और घर में प्रभाव स्थल दिखाते हुए देखा गया था। वह जिला रोजगार कार्यालय में क्लर्क (बाबू) के पद पर काम करता है। गौरतलब है कि शकूर ने २००८ में पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद के पोखरण से विधायक रहने के दौरान उनके निजी सचिव के रूप में भी काम किया था। जानकारी के अनुसार, शकूर हाल ही में अपने विभाग से अनुमति लिए बिना पाकिस्तान गया था, जिसने जांच एजेंसियों के बीच गंभीर चिंता पैदा कर दी है। भारत और पड़ोसी देश के बीच हाल ही में हुए तनाव के बाद पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तारियों में वृद्धि के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। रविवार को, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के एक जवान को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मोती राम जाट जासूसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और २०२३ से पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया। यह अ परेशन जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में २२ अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का जवाब था, जिसके परिणामस्वरूप एक नेपाली नागरिक सहित २६ लोग मारे गए थे।

## हापुड़ में देर रात पुलिस एनकाउंटर, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शार्प शूटर ढेर

लखनऊ। लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक प्रमुख शार्पशूटर और सक्रिय सदस्य नवीन कुमार (३७) बुधवार रात यूपी एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की संयुक्त टीम के साथ देर रात हुई मुठभेड़ में मारा गया। क्षेत्र में वांछित अपराधियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। एडीजी, कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि जब संदिग्धों को रोका गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं, जिससे भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बदमाश की पहचान कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य और हत्या एवं महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे मामलों में फरार नवीन कुमार के रूप में हुई। एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमिताभ यश ने एक बयान में कहा कि बुधवार की रात को एसटीएफ की नोएडा इकाई और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की संयुक्त



टीम की बदमाशों के साथ हापुड़ थाना कोतवाली क्षेत्र में मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। यश ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृत बदमाश की पहचान गाजियाबाद जिले के लोनी निवासी नवीन कुमार पुत्र सेवा राम के रूप में हुई है। एडीजी ने बताया कि वांछित अभियुक्त नवीन कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सक्रिय सदस्य और शार्प शूटर था। वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य हाशिम बाबा के साथ मिलकर काम करता था। उन्होंने बताया कि बदमाश पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, डकैती समेत २० मामले दर्ज हैं। साथ ही, मकोका के तहत भी मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि कुमार पर सबसे पहले वर्ष २००८ में शस्त्र अधिनियम के तहत सीमापुरी थाने में मामला दर्ज हुआ था। वर्ष २००६ में उसने साहिबाबाद थाना क्षेत्र में कथित रूप से किसी की हत्या कर दी। वर्ष २०१० में कुमार के खिलाफ पुलिस ने गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत भी मामला दर्ज किया।

## सचिवालय में मीटिंग के दौरान अनुभाग अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

लखनऊ। राजधानी स्थित सचिवालय में बुधवार को मीटिंग के दौरान अनुभाग अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अनुभाग अधिकारी का नाम पंकज कुमार बताया जा रहा है। दरअसल, बुधवार को सचिवालय में एग्रीकल्चर प्रोडक्शन कमिश्नर (एपीसी) दीपक कुमार की अध्यक्षता में बैठक चल रही थी, इसी बैठक में वित्त अनुभाग ३५ के अनुभाग अधिकारी पंकज कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बैठक में मौजूद लोगों के मुताबिक, पंकज कुमार को पहले खांसी आई और अधिक पसीना आने लगा। इतना ही नहीं, कुछ ही देर में वह बेहोश हो गए। आनन–फानन में



वहां मौजूद अधिकारियों ने डॉक्टरों को बुलाया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया और सिविल अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि सिविल अस्पताल पहुंचने पर उनका वहां मौजूद डॉक्टरों ने कार्डियक आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पंकज कुमार की मौत से सचिवालय में शोक की लहर दौड़ गई है। पंकज कुमार की पहचान कर्मठ और अनुशासित अधिकारी के रूप में थी। पंकज कुमार के सहयोगियों और अधिकारियों ने उनकी असमय मौत पर दुख जताया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।